# खास-खबरें

## चिकित्सा परामर्श लेने पहुंचे ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** भाऊखेड़ी के सैकड़ो ग्रामीणों ने जहां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ उठाया वही पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ भी ग्रहण की। अटल अस्पताल द्वारा रविवार को लगाए गए शिविर में मेडिसिन, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह एवं उपचार उपलब्ध कराया। इस दौरान बुखार, सर्दी-खांसी, सिरदर्द, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेट संबंधी समस्याओं तथा हड्डी एवं जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया गया। अटल अस्पताल और साहस महिला बाल शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्था तथा सेवा सदन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर में पहुंचे मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया।

## 'वृक्षमित्र' आशीष व्यास ने 24 वर्षों में लगवाए 40 हजार पौधे



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** जिले के गरोठ विकासखंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्डिया इस्तमुरार में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक आशीष व्यास पिछले 24 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। अपनी स्वप्रेरणा और निजी खर्च से अब तक वे लगभग 40 हजार पौधों का निःशुल्क वितरण एवं रोपण करवा चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण के कारण शिक्षा विभाग और क्षेत्र में उन्हें 'वृक्षमित्र' के नाम से जाना जाता है। आशीष व्यास वर्ष 2002 में शासकीय सेवा में आने के बाद से लगातार वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। वे ग्रामीण क्षेत्रों, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों तथा विभिन्न विद्यालयों में स्वयं पौधे पहुंचाकर लोगों को पौधारोपण और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। उनका कहना है कि प्रकृति और पर्यावरण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और पौधारोपण से उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है।

## लोक अभियोजक नियुक्ति पर गिरजेश कुशवाहा का स्वागत



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** जिला न्यायालय में समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गिरजेश कुशवाहा को मध्य प्रदेश शासन द्वारा लोक अभियोजक नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों, इष्ट मित्रों और समाजजनों द्वारा लगातार स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गोपालपुर स्थित टपरिया ढाबा पर आयोजित कार्यक्रम में गिरजेश कुशवाहा का पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से दायित्व निभाने की कामना की। कार्यक्रम में कुशवाहा समाज के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरि सिंह कुशवाहा, गुलाब कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, पत्रकार अनिल कुशवाहा, अधिवक्ता संजय यादव, अधिवक्ता राकेश नामदेव, शिवनारायण सेन, ऋषि लोधी, मनोज कुमार सोनी, रंजीत विश्वकर्मा, पत्रकार जितेंद्र मालवीय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शाजापुर के युवराज सोलंकी का आईआईटी रुड़की में चयन, जिले का नाम किया रोशन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** शहर के होनहार छात्र ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। छात्र युवराज का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की की अर्थशास्त्र शाखा में हुआ है। युवराज ने जेईई मुख्य परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद उन्होंने जेईई उच्चतर परीक्षा में भी सफलता का परचम लहराते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 12928वां स्थान प्राप्त किया। पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रहे युवराज ने वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं की आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में भी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है और परिजनों सहित इष्टमित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## किसान कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर किसान कांग्रेस ने शुक्रवार को रायसेन ग्रामीण क्षेत्र में प्रदर्शन कर केंद्रीय कृषि मंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष नईम खान ने किया। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजू महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कृषि उपज का उचित समर्थन मूल्य, खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता, समय पर भुगतान तथा किसानों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में शीघ्र ठोस निर्णय ले और खरीदी व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। किसान कांग्रेस ने कहा कि आगामी दिनों में जिलेभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

# पुरानी रंजिश में नीलगंगा चौराहे पर देर रात चली गोलियां और तलवारें, दो भाइयों की मौत

### आत्मरक्षा में पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपी नरेश के पैर में लगी गोली, 5 गिरफ्तार, 3 फरार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** शनिवार देर रात नीलगंगा चौराहे पर हुई खूनी वारदात से पूरा शहर दहल उठा। पुराने विवाद के चलते दो गुट आपस में इस कदर भिड़ गए कि चौराहे पर देर रात गोलियों की तड़तड़ाहट और तलवारें लहराती रहीं। इस हिंसक झड़प में भाजपा नेता के दो भतीजों की जान चली गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्त में लिया है और घटना में शामिल अन्य चार लोगों को भी सलाखों के पीछे भेज दिया है।



शनिवार रात करीब 11 बजे नीलगंगा चौराहा उस समय युद्ध का मैदान बन गया, जब पासी गुट और गोरकर परिवार के सदस्य आपस में भिड़ गए। विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि पहले पत्थरबाजी हुई और फिर हथियारों से हमला कर दिया गया। इस हमले में दिल्लू पहलवान के भतीजे 32 वर्षीय लोकेश की मौके पर और दूसरे भतीजे जितेश की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं, दिल्लू पहलवान और उनके बेटे तपन को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका निजी अस्पताल में उपचार जारी है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में भारी तनाव का माहौल है। नीलगंगा चौराहा और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस का कड़ा पहरा लगा दिया गया है। घटना के बाद से स्थानीय निवासियों में भारी दहशत देखी जा रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की। मामले में कुल आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नरेश को गिरफ्तार कर जब अन्य आरोपियों की निशानदेही के लिए ले जा रही थी, तब उसने सब-इंस्पेक्टर की पिस्टल छीनने की कोशिश की। आत्मरक्षा में पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपी नरेश के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पुरानी रंजिश बनी जान की दुश्मनः** गोरकर और पासी परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। दो माह पूर्व भी दोनों गुटों के बीच झड़प हुई थी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पुराना द्वेष इस खूनी संघर्ष का मुख्य कारण रहा है।

**गिरफ्तारी और फरार आरोपियों की स्थितिः** पुलिस द्वारा दर्ज मामले में अब तक 5 आरोपियों (नरेश, राकेश, बंटी, लोकेश और मंजू) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, अभी तीन आरोपी (रोशन, सन्नी और दुर्गेश) फरार हैं, जिनकी तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से चार पर पहले से ही दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**इनका कहना हैः** नीलगंगा चौराहे पर हुए इस विवाद में दो लोगों की मृत्यु हुई है और दो घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और पांच आरोपी पकड़ में आ चुके हैं। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में सख्त निगरानी रखी जा रही है।

– **प्रदीप शर्मा,** एसपी

## नमामि गंगे परियोजना के कार्यों का निरीक्षण समय सीमा में निर्माण पूरा करने के निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** शिप्रा नदी के संरक्षण एवं शुद्धिकरण के लिए संचालित नमामि गंगे परियोजना के तहत नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रविवार को निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और सीवेज पंपिंग स्टेशनों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने आयुर्वेदिक धनवंतरी कॉलेज के पीछे करीब 82 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 22 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का जायजा लिया। परियोजना के तहत सीवेज पंपिंग स्टेशन, 920 मीटर लंबी डीआई मेन पाइपलाइन तथा लगभग दो किलोमीटर लंबी सीवेज पाइपलाइन का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने प्रस्तावित ड्राइंग और डिजाइन की समीक्षा कर खुदाई सहित अन्य कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

परियोजना के अंतर्गत मंगलनाथ मंदिर के सामने 22 एमएलडी क्षमता का सीवेज पंपिंग स्टेशन तथा भैरवगढ़ नाले पर 2.38 एमएलडी क्षमता का वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी स्थापित किया जाएगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पीलिया खाल और भैरवगढ़ नाले के दूषित पानी को सीधे शिप्रा नदी में जाने से रोकना तथा उपचारित जल ही नदी में प्रवाहित करना है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, कार्यपालन यंत्री साहिल मैदावाला तथा संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाव के भूखे हैं महाप्रभु, श्रद्धा से किया दान ही देता है मोक्ष का मार्ग : श्रीमहंत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित श्री जगन्नाथ महात्म्य कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास नौलखी खालसा श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने भगवान श्रीजगन्नाथ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि महाप्रभु भाव के भूखे हैं। श्रद्धा और निष्काम भावना से किया गया छोटा-सा दान भी भगवान को प्रिय होता है और यही मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाता है।

रथयात्रा महोत्सव के तहत आयोजित कथा में श्रीमहंत ने भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन के नवकलेवर के लिए पवित्र दारु (नीम वृक्ष) की खोज की परंपरा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान के नए विग्रहों के निर्माण के लिए साधारण वृक्ष नहीं, बल्कि शास्त्रीय विधि, दिव्य संकेत और माता की आज्ञा के अनुसार चयनित पवित्र दारु का उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में गजपति महाराज की आज्ञा के बाद दैतापति सेवक, विद्यापति वंशज और अन्य सेवायत विशेष व्रत धारण कर इस पावन कार्य को संपन्न करते हैं।

उन्होंने कहा कि धन की सार्थकता संग्रह में नहीं, बल्कि उसके सदुपयोग में है। जो धन अन्नदान, गौसेवा, संत सेवा, मंदिर निर्माण, धर्म प्रचार और जरूरतमंदों की सहायता में लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि धन की तीन गतियां होती हैं—भोग, दान और नाश। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय का एक हिस्सा धर्म और लोककल्याण के कार्यों में अवश्य लगाना चाहिए। रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत श्री जगन्नाथ महात्म्य कथा का आयोजन 25 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 5 से 6.30 बजे तक किया जा रहा है।

## नाथू बा सेन का निधन नगर में शोक की लहर



**पीथमपुर।** मालवा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं मध्य प्रदेश सेन समाज के वरिष्ठ धार्मिक कार्यकर्ता नाथू बा सेन का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से समाज एवं नगर में शोक की लहर है। नाथू बा सेन, मध्य प्रदेश सेन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पीथमपुर नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जगदीश सेन के पूज्य पिता थे। वे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते थे तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। अपने मिलनसार स्वभाव और सेवा भाव के कारण वे समाज में विशेष पहचान रखते थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पीथमपुर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, व्यापारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## हड़ताल पर चल रहे पटवारियों ने विधायक को दिया मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** पटवारियों की न्यायोचित मांगों को विधायक सुदेश राय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष रखेंगे। अपनी लंबित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश भर के पटवारी हड़ताल पर है। जिला पटवारी संघ ने विधायक सुदेश राय को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन दिया।

पटवारी संघ के पदाधिकारियो से चर्चा करते हुए विधायक सुदेश राय ने पटवारियो की न्यायोचित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराने का आश्वासन दिया।

पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, संजय पारे, कमल कटियार, संतोष दरभन, गुरुद जामलिया,निलेश यादव, नरेश यादव दिनेश महोरिया, दुर्गेश शुक्ला, हरीश संदीप गुप्ता, भारत नेवासा कृष्णाकांत सौदाल, अनिल राठौर, दीपक वर्मा, केहर सिंह बुंदेला,संजय राठौर, मनीष जैन ने ज्ञापन देते हुए विधायक सुदेश राय को बताया कि पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण के लिए संघर्ष कर रहा है।



पटवारी संवर्ग खुद को शोषित एवं उपेक्षित महसूस कर रहा है। पटवारी संघ वर्षों से लंबित वेतनमान विसंगति को दूर करने के लिए शासन द्वारा तैयार कैडर रिव्यू का प्रस्ताव जो शासन स्तर पर ही लंबित है। उसे तत्काल लागू करने, मध्य प्रदेश में सभी कर्मचारी पदो की पदोन्नति आदेश जारी किए जा रहे हैं, इसी प्रकार पटवारियों को कैडर रिव्यू का लाभ प्राप्त ना होने तक पदोन्नति का लाभ दिए जाने, पदोन्नति से शेष रहे पटवारियों को समयमान वेतनमान का लाभ देने,नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करने , वसीयत प्रकरणों में पटवारी केवल प्रतिवेदन करता है। उसके गुण दोष की जांच करना तथा निर्णय कर आदेश प्रसारित करना न्यायालय तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का कार्य है। लेकिन कुछ मामलों में पटवारी पर सीधे एफआईआर की गई है। जो की अत्यंत गलत होकर विधिसम्मत तथा न्यायसंगत नहीं है।

पटवारियों को भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के साथ जज प्रोडक्शन एक्ट में शामिल किया करने, स्वामित्व भुगतान, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आयडी केम्प तथा अन्य जिनका भुगतान प्रदेश के समस्त पटवारियों को प्राप्त होना सुनिश्चित किया जाने, पटवारी संघ के पदाधिकारियों को जिले के अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से प्रताड़ित कर उनका स्थानांतरण नीति विरूद्ध किया गया। संज्ञान में लेकर पटवारी संघ के पदाधिकारियों के नीति विरूद्ध स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की जा रही है।

## लालघाटी पुलिस ने महाराष्ट्र के भटके बुजुर्ग को संवारा, परिजनों की तलाश शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** अमूमन पुलिस की छवि समाज में सिर्फ कानून-व्यवस्था और सख्ती से जोड़ी जाती है, लेकिन शाजापुर की लालघाटी थाना पुलिस ने खाकी के भीतर छिपे एक बेहद संवेदनशील और मानवीय चेहरे को समाज के सामने पेश किया है। पुलिस ने न सिर्फ कई दिनों से लावारिस भटक रहे महाराष्ट्र के एक अर्धविक्षिप्त बुजुर्ग को नया रूप दिया, बल्कि उसे उसके परिवार से मिलाने की सराहनीय कवायद भी तेज कर दी है।

होटल पर पड़ी नजर, तो थाने ले आई पुलिस

जानकारी के अनुसार, रविवार को लालघाटी थाने का कुछ स्टाफ एक स्थानीय होटल पर नाश्ता कर रहा था। इसी दौरान उनकी नजर दयनीय हालत में घूम रहे एक बुजुर्ग पर पड़ी। काफी दिनों से स्नान न करने और बाल-दाढ़ी बढ़े होने के कारण उसकी स्थिति बेहद



खराब लग रही थी। पुलिसकर्मियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उससे बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बता पा रहा था। इसके बाद पुलिसकर्मी उसे पूरे सम्मान के साथ लालघाटी थाने ले आए।

**देखभाल के बाद बताई पहचान, महाराष्ट्र का है सुनीलः** लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मियों ने थाने में बुजुर्ग को गर्म पानी से स्नान कराया। इसके बाद नाई को बुलाकर उसके बाल और दाढ़ी कटवाए गए और उसे साफ-सुथरा किया गया।

पुलिस के इस अपनेपन और स्नेहपूर्ण देखभाल के बाद बुजुर्ग थोड़ा सहज हुआ। पूछताछ के दौरान उसने टूटे-फूटे शब्दों में अपना नाम सुनील पिता किशन बताया है, जो कि महाराष्ट्र का रहने वाला बताया जा रहा है। बुजुर्ग द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के बाद, लालघाटी पुलिस अब महाराष्ट्र पुलिस और संबंधित नेटवर्क के जरिए उसके परिजनों की तलाश में जुट गई है, ताकि इस भटके हुए व्यक्ति को सुरक्षित उसके घर पहुंचाया जा सके। इस पूरी मानवीय पहल में थाना प्रभारी के अलावा प्रधान आरक्षक चंद्रपाल जाट, जसवंत जाटव, भारत किरार सहित लालघाटी थाने के समस्त स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## अंतिमा भार्गव बनीं पटवारी संघ की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला शाखा मंदसौर में संगठनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई नियुक्ति की गई है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल ने आदेश जारी कर सीतामऊ तहसील में पदस्थ पटवारी सुश्री अंतिमा भार्गव को पटवारी संघ, जिला शाखा मंदसौर का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। संघ की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति संगठन के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और जिला स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती देने के उद्देश्य से की गई है। नियुक्ति के बाद संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सुश्री अंतिमा भार्गव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा अभियान शुरू, विद्यार्थियों से हिस्सा लेने की अपील

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** अखिल विश्व गायत्री परिवार, हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2026-27 के लिए अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत गायत्री परिवार के पदाधिकारियों ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों का भ्रमण कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

तहसील प्रभारी सुरेश (एस.के.) सैनी, साधना सैनी, वंदना देवधर एवं ट्रस्टी जयराम अहिरवार ने सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव और प्राचार्य उमेश चंद्र यादव से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवांकुर विद्यापीठ सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में भी परीक्षा को लेकर संपर्क किया गया, जहां प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

तहसील प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि जिले को तीन भागों में विभाजित कर विभिन्न तहसीलों की जिम्मेदारी पदाधिकारियों को सौंपी गई है। बासौदा के साथ कुरवाई, त्योंदा और पठारी क्षेत्रों में भी अभियान चलाकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा 3 अक्टूबर 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा में भाग लेना निशुल्क है, जबकि अध्ययन सामग्री के लिए कक्षा 5-6 के विद्यार्थियों से 35 रुपये, कक्षा 7 से 12 तक 40 रुपये और महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों से 50 रुपये लिए जाएंगे। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ब्लॉक, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## पत्नी के घर छोड़ने से आहत युवक ने की आत्महत्या, परिजनों ने किया चक्काजाम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदाः** गोपालपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने मृतक का शव गोपालपुर थाने के सामने रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब 2घंटे तक चले इस विरोध के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

मृतक की पहचान मनीष पिता शंकरलाल पंवार (निवासी किशनपुर) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, उसकी पत्नी 15 जुलाई को घर छोड़कर चली गई थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट गोपालपुर थाने में दर्ज कराई गई थी।



आरोप है कि समय रहते पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से मनीष मानसिक तनाव में आ गया और उसने यह कदम उठा लिया।

**वीडियो में बयां किया दर्द, लगाए गंभीर आरोपः** आत्महत्या से पहले मनीष ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया, जिसमें उसने अपनी पत्नी अंकिता एक युवक के साथ चले जाने का जिक्र किया। उसने बताया कि करीब 9 वर्षों का प्रेम विवाह सामान्य रूप से चल रहा था, लेकिन बाद में हालात बिगड़ गए।

वीडियो में उसने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित युवक द्वारा उसे ब्लैकमेल किया गया और उससे बड़ी रकम ली गई। साथ ही उसने प्रशासन से अपनी मेहनत की कमाई परिवार को वापस दिलाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

**दो मासूमों के सिर से उठा पिता का सायाः** घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे 7 साल की बेटी और 5 साल का बेटा छोड़ गया है। पिता की असमय मौत से दोनों बच्चों के सिर से साया उठ गया, जिससे पूरे गांव में शोक का माहौल है।

**दो घंटे तक जाम, प्रशासन में मची हलचलः** परिजनों और ग्रामीणों ने थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश के बाद मामला शांत कराया गया।

**एसडीओपी का बयानः** एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि गुमशुदगी का मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका था और जांच जारी है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।